# एंकर तथा गुण

16

## उद्देश्य

इस पाठ के अंत में आप जानेंगे

- हाईपरलिंक्स का इस्तेमाल करके वैब पेजों को आपस में जोड़ना
- Horizontal Rule Element का इस्तेमाल करना

## एंकर घटक (Anchor Element)

*एंकर (anchor)* घटक HTML का सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक है। यह घटक टेक्स्ट को *हायपरलिंक* के रूप में चिह्नित करता है। इसे <A> टैग द्वारा पहचाना जाता है। ANCHOR घटक में निम्न गुण होते हैं, जिनके नाम हैं,

- HREF गुण
- NAME गुण
- TITLE गुण

### HREF गुण (The HREF Attribute)

HREF गुण का उपयोग किसी चित्र या टेक्स्ट को हायपरलिंक के रूप में स्पष्ट करने के लिए किया जाता है। HREF का अर्थ है हायपरटेक्स्ट रेफरेंस (Hypertext Reference)। वह टेक्स्ट या चित्र जो एंकर घटक के प्रारंभिक तथा अंतिम टैग के बीच में में रखा जाता है, हायपरटेक्स्ट के रूप में जाना जाता है।

उदाहरण के लिए,
<A Href = "My school.doc"> School </A>

यहां टेक्स्ट "school" हायपरटेक्स्ट है। जब हायपरटेक्स्ट को क्लिक किया जाता है, तो दस्तावेज़ "MY School" खुलता है।
जब आप अपने कम्प्यूटर पर फाइल नाम को HREF के रूप में उल्लेख करते हैं तो इस फाइल का पथ देने से पहले आपको file:// का उल्लेख करने की आवश्यकता पड़ती है। File:// का अर्थ है कि यह फाइल

आपके कम्प्यूटर पर स्थानीय रूप से मौजूद है। यदि फाइल नाम के बीच अंतराल है तो आपको फाइल नाम को उद्धरण चिह्न (quotes) के बीच में लिखना होगा।

वेबसाइट्स पर लिंक बनाने के लिए, फाइल नाम के स्थान पर आपको वेबसाइट का पता लिखना होता है।

<A Href = " www.google.com"> Google </A>

जब हायपरटेक्स्ट "google" को क्लिक किया जाता तो, उपरोक्त कोड वेबसाइट www.google.com खोलता है।

आप वेबसाइट को केवल तभी लिंक कर सकते हैं, जब आप इंटरनेट से जुड़े होते हैं।

## Name गुण (The Name Attribute)

Name गुण, एंकर को किसी लिंक का लक्ष्य बनाने की सुविधा देता है। Name गुण का उपयोग वेब पेज के अंदर किसी विशेष भाग को लिंक करने अथवा # आइडेंटीफायर को जोड़कर टेक्स्ट को किसी अन्य दस्तावेज़ के रूप में निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। Name गुण का मान एंकर के लिए आइडेंटीफायर है। एक HTML दस्तावेज़ में आयडेंटीफायर अद्वितीय होने चाहिए। नीचे गया दिया कोड टेक्स्ट "Introduction to HTML" को "What is HTML" की हायपरलिंक के रूप में प्रदर्शित करेगा।

<A HREF="#NAME">Introduction to HTML</A>

<A name="NAME">What is HTML? </A>

## Title गुण (The Title Attribute)

जब माउस कर्सर को किसी हायपरलिंक पर रखा जाता है, तो Title गुण एंकर घटक के साथ एक नोट अथवा टूलटिप दिखाने के लिए उपयोग में आता है। नीचे दिया गया कोड माउस कर्सर को हायपरटेक्स्ट "school" पर रखने पर संदेश "Info" दिखाएगा।

<A TITLE = Info href = "My school.doc"> School </A>

# हायपरलिंक का रंग निर्धारित करना

हायपरलिंक का डिफॉल्ट रंग बदलने के लिए कुछ गुणों का उपयोग किया जाता है। ये हैं-

- Link गुण
- VLINK गुण
- ALINK गुण



©NIIT

## Link गुण (The Link Attribute)

हायपरलिंक का डिफॉल्ट रंग बदलने के लिए Link गुण का उपयोग किया जाता है। इस गुण को बॉडी घटक के अंदर स्पष्ट किया जाता है।

<Body Link = "Red">

<A href = "My school.doc">School</A>

<A href = "School.doc">Class</A>...</Body>

Link गुण को लाल रंग के रूप में स्पष्ट करने से हायपरलिंक "school" तथा "class" लाल रंग में दिखती हैं।

## ALINK गुण (The Alink Attribute)

ALINK का विस्तृत रूप है एक्टिव लिंक। आप ALINK गुण का उपयोग करके सक्रिय हायपरलिंक का रंग बदल सकते है। इस गुण को बॉडी घटक में स्पष्ट किया जाता है। नीचे लिखा कोड सक्रिय लिंक को पीले रंग में दिखाता है।

<Body Alink = "Yellow">

<A href = "My school.doc">School</A>

<A href = "School.doc">Class</A>...</Body>

जब किसी हायपरलिंक को क्लिक किया जाता है तो वह सक्रिय हो जाती है। ऐसी लिंक सक्रिय लिंक कहलाती है।

## VLINK गुण (The Alink Attribute)

VLINK से आशय है, देखी गईं लिंक। VLINK गुण का उपयोग करके आप देखी गई हायपरलिंक का रंग बदल सकते हैं। इस गुण को बॉडी घटक में स्पष्ट किया जाता है। नीचे दिया गया कोड देखी गई लिंक को नारंगी रंग में प्रदर्शित करता है।

<Body vlink = "orange">

<A href = "My school.doc">School</A>

<A href = "School.doc">Class</A>...</Body>

वह हायपरलिंक जिस पर पहले ही क्लिक किया जा चुका हो, देखी गई लिंक कहलाती है।


# क्षैतिज रेखा घटक (Horizontal Rule Element)

क्षैतिज रेखा घटक का उपयोग किसी वेब पेज में क्षैतिज (Horizontal) रेखाएं बनाने के लिए किया जाता है। यह घटक <HR> टैग से पहचाना जाता है। डिफॉल्ट से यह छायांकित रेखा है। क्षैतिज रेखा घटक (Horizontal Rule Element) के गुणधर्म की चर्चा नीचे की जा रही है।

## आकार गुणधर्म (SIZE Attribute)

आकार (SIZE) गुणधर्म किसी रेखा की मोटाई तय करता है। मोटाई का मान (Value) पिक्सेल में दिया जाता है। नीचे दिया गया कोड 5 पिक्सेल की मोटाई वाली रेखा प्रदर्शित करेगा (देखें चित्र 16.1)।

<HR SIZE = 5>





चित्र 16.1: क्षैतिज रेखा घटक का आकार (SIZE) गुणधर्म

## WIDTH गुणधर्म

WIDTH गुणधर्म का उपयोग क्षैतिज रेखा की ठीक-ठीक चौड़ाई सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। चौड़ाई का मान (value) पिक्सेल अथवा प्रतिशत में दिया जाता है। क्षैतिज रेखा की डिफॉल्ट चौड़ाई 100 प्रतिशत होती है। नीचे दिया गया कोड एक क्षैतिज रेखा की चौड़ाई जिसने पेज का 45% हिस्सा अधिकृत किया हो, उसे प्रदर्शित करता हैं (देखें चित्र 16.2)।

<HR WIDTH = 45%>




चित्र 16.2: क्षैतिज रेखा घटक का WIDTH गुणधर्म

## NOSHADE गुणधर्म

NOSHADE गुणधर्म का उपयोग क्षैतिज रेखा (Horizontal rule) को छाया के प्रभाव के बिना दिखाने के लिए किया जाता है। नीचे दिया गया कोड छाया के प्रभाव के बिना एक (Horizontal rule) क्षैतिज रेखा प्रदर्शित करता है

<HR NOSHADE>

## COLOR गुणधर्म

COLOR गुणधर्म का उपयोग क्षैतिज रेखा (Horizontal rule) का रंग सुनिश्चित करने के लिए होता है। नीचे दिया गया कोड किसी क्षैतिज रेखा को भूरे (GRAY) रंग का प्रदर्शित करता है

<HR COLOR= GRAY>

## अब आप जानते हैं

- एंकर घटक टेक्स्ट को हायपरलिंक के रूप में चिह्नित करता है।
- HREF का पूरा नाम है हायपरटेक्स्ट रेफरेंस।
- *name* गुण का उपयोग वेब पेज के भीतर किसी विशेष भाग को लिंक करने अथवा # आइडेंटीफायर को जोड़कर टेक्स्ट को किसी अन्य दस्तावेज़ के रूप में उल्लेखित करने के लिए किया जाता है।

- जब माउस कर्सर किसी हायपरलिंक पर रखा जाता है, तो *title* गुण, एंकर घटक के साथ एक नोट अथवा टूल टिप दिखाने के लिए उपयोग में आता है।
- हायपरलिंक का डिफॉल्ट रंग बदलने के लिए *Link* गुण का उपयोग किया जाता है।
- *ALINK* गुण का उपयोग सक्रिय हायपरलिंक का रंग बदलने के लिए किया जाता है।
- देखी गई हायपरलिंक (visited hyperlinks) का रंग बदलने के लिए *VLINK* गुण का उपयोग किया जाता है।

# चर्चा के लिए

**रिक्त स्थान भरें।**

1. ——————एट्रीब्यूट का इस्तेमाल करके आप देखी हुई लिंक का रंग बदल सकते हैं।
2. ——————एलीमैन्ट, टैक्स्ट को हाईपरटैक्स्ट लिंक की तरह चिन्हित करता है।
3. HREF का —————— के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है।
4. ——————एट्रीब्यूट का इस्तेमाल वैब पेज के अन्दर मौजूद एक निश्चित सैक्शन को लिंक करने के लिए किया जाता है।
5. एंकर या anchor एलीमैन्ट में निश्चित किए गए —————— एट्रीब्यूट का इस्तेमाल करके आप नोट को दिखा सकते हैं।

**सही या गलत बताएं।**


1. <A HREF> एंकर एलीमैन्ट को पहचानता है।
2. हाईपरलिंक्स के डिफॉल्ट रंग को बदलने के लिए Link एट्रीब्यूट का इस्तेमाल किया जाता है।
3. एंकर एलीमैन्ट के ओपनिंग और क्लोजिंग टैग के बीच में मौजूद टैक्स्ट या इमेज हाईपरटैक्स्ट की तरह काम करते हैं।
4. आप वैबसाईट से तभी जुड सकते हैं, जबकि आप इंटरनेट से जुड़े हुए हों।
5. Alink को लिंक करने के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है।

# करने के लिए

1. "Next Page" नामक हाईपरलिंक बनाएं।
2. "Links" नामक मैसेज को दिखाएं।
3. "Links.htm" नामक वैब पेज को बनाएं, जैसा कि दिखाया गया है।



©NIIT




4. जब "Hyperlink" को क्लिक किया जाए, तो हाईपरलिंक्स पर जानकारी को दिखाने वाले कोड को लिखें ।
5. पीले रंग से हाईपरलिंक्स का डिफॉल्ट रंग बदलें ।
6. सक्रिय लिंक को हरे रंग से और देखी जा चुकी या विजिटिड लिंक को नीले रंग से दिखाएं ।